आकाशवाणी श्री विजयपुरम

11.10.2026 समय : 1905

1. अंडमान निकोबार के मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने आज वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ अफरा बे का दौरा किया।

2. पूरे देश के साथ–साथ द्वीपसमूह में भी शारदीय नवरात्रि का महापर्व आज से शुरू हो गया है।

3. अंडमान और निकोबार केमिस्ट एंड ड्रग्स्टि एसोसिएशन द्वारा आज जीबी पंत अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

4. मलेशिया में आयोजित राष्ट्रमंडल स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में द्वीपों के युवा खिलाड़ी जे एस विराट ने दो पदक जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार के मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने आज वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ अफरा बे का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और विभिन्न मुद्दों की जानकारी लीं। इसके बाद मुख्य सचिव ने कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में DFO फुटबॉल मैच देखा। शाम को उन्होंने जनजातीय कप्तानों, विभाग प्रमुखों और पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक कर विकासीय कार्यों और स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा कीं।

<><><><><><><>

सरकार ने सोशल मीडिया के उस भ्रामक पोस्ट को खारिज कर दिया है जिसमें ई–कॉमर्स डिलीवरी सेवाओं पर 5 प्रतिशत का नया माल और सेवा कर–जीएसटी लगाने की बात कही गई है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने स्पष्ट किया है कि यह दावा गलत है। उसने बताया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सतावनवीं जीएसटी परिषद की सिफारिश के बाद जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है।

<><><><><><><>

शारदीय नवरात्रि का महापर्व आज से शुरू हो गया है। नौ दिन का यह धार्मिक उत्सव माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का प्रतीक है, जिसे लोग उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। देश के साथ–साथ द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में भी इस अवसर पर अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर श्री विजयपुरम के जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडप में आयोजित सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिंडदान का धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। पितृ पक्ष सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जो हमें अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करना सिखाता है। उन्होंने परिवार के महत्व और भारतीय संस्कृति में निहित मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज सेवा, निस्वार्थ भाव और करुणा को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों, श्रद्धालुओं, बुद्धिजीवियों और स्थानीय निवासियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने पूर्वजों के लिए तर्पण और पिंडदान किया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार केमिस्ट एंड ड्रग्स्टि एसोसिएशन ने आज जीबी पंत अस्पताल में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। भारत सरकार की कायाकल्प योजना के तहत आयोजित इस अभियान का उद्देश्य अस्पताल परिसर में साफ–सफाई, स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा और महासचिव पी. के. अनीश ने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आम जनता से कचरे के सही निस्तारण और अस्पताल परिसर को साफ रखने की अपील की। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर पद्मश्री नरेश चंदर लाल और एनिम्स के निदेशक डॉ. मुकेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे और इस पहल की सराहना की। इस अभियान में एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

रिसोर्स हब फॉर हेल्थ टेक्नोलॉजी असेसमेंट, आई सी एम आर–राष्ट्रीय यक्ष्मा अनुसंधान संस्थान, चेन्नई ने हाल ही में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर चौथे संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान परिषद के निदेशक डॉ. अपरूप ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र के दौरान HTA के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में द्वीपसमूह में हेल्थ टेक्नोलॉजी असेसमेंट गतिविधियों को शुरू करने और उन्हें संस्थागत रूप देने पर भी विचार–विमर्श किया गया।

<><><><><><><>

दिवाली के दौरान आतिशबाजी और पटाखों की खुदरा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन जमा करने हेतु अंडमान एवं निकोबार प्रशासन का ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल खुला रहेगा। इच्छुक व्यक्ति कल तक ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अस्थायी लाइसेंस प्रदान करना निर्धारित लाइसेंसिंग, साइट, अग्निशमन सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगा।

<><><><><><><>

मलेशिया में आयोजित राष्ट्रमंडल स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में द्वीपों के युवा खिलाड़ी जे एस विराट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया है। उन्होंने अंडर–13 ओपन रैपिड स्पर्धा में स्वर्ण पदक और ओपन ब्लिट्ज़ स्पर्धा में रजत पदक जीत कर अपनी अंतर्राष्ट्रीय पहचान मजबूत की। इस बीच, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के FI, IA बी. नीलैया ने इस अंतर्राष्ट्रीय शतरंज आयोजन में सेक्टर आर्बिटर के रूप में एक महत्वपूर्ण तकनीकी भूमिका निभाते हुए द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह बैडमिंटन संघ की ओर से आगामी राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए द्वीप समूह की टीम में खिलाड़ियों के चयन हेतु 17 और 18 अक्टूबर को राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित की जाएगी। 17 अक्टूबर को 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं के एकल और युगल मुकाबले होंगे, जबकि 18 अक्टूबर को 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं के एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी 16 अक्टूबर तक गूगल प्रपत्र के माध्यम से अपना प्रवेश भेज सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों की ओर से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास तेरह और सत्ताईस अक्तूबर को दिन में दस बजे से दोपहर बारह बजे तक तथा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। इसके अलावा नवम्बर माह में सत्रह और अट्ठारह तारीख को और दिसम्बर माह में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर चौदह से सत्रह तारीख तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

उधर, मध्योत्तर अंडमान जिले में भी सैन्या विमानों द्वारा समुद्री क्षेत्र में चौदह, सोलह, इक्कीस, तेईस अट्ठाईस और तीस अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस अवधि के दौरान लोगों और मछुआरों से फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के अस्थाई पैनल हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में आवेदन जमा करने की तिथि अब बढ़ाकर बीस अक्तूबर कर दी गई है। 40 वर्ष आयु वर्ग से कम स्नातक उम्मीदवार, जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान हो और वे नगरपालिका क्षेत्र के निवासी हो, वे इस पैनल के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी के ड्यूटी रूम में उपलब्ध है।

<><><><><><><>

निकोबार जिले की जिला कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के अंतर्गत खंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधक के संविदा पदों के पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पेरका स्थित सहायक निदेशक कृषि कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>